# कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर

( खण्ड–3, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ0ग0)
**Email ID - cglc2012@gmail.com, cglc2012@rediffmail.com Fax-0771-2443516**

**विज्ञप्ति क्र.      / स्था0 / श्र0आ0 / 2014** **रायपुर, दिनांक..................**

## विज्ञापन

सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ 13–15 / 2012 / भा0प्र0 / 1 / 3, दिनांक 18.07.2012 एवं वित्त विभाग की सहमति क्रमांक–2015–16–00133 / बी–1 / चार, दिनांक 19.08.2015 के अनुसार श्रमायुक्त संगठन के अंतर्गत **सहायक श्रम पदाधिकारी एवं श्रम निरीक्षक** तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति करने के लिए छ0ग0 के स्थानीय निवासियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र **13.10.2015** से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं।

**उपरोक्त परीक्षा आयोजन हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार है –**

**पदनाम –सहायक श्रम पदाधिकारी एवं श्रम निरीक्षक भर्ती परीक्षा –2015**

1. **परीक्षा की तिथि – 22 नवंबर 2015, रविवार,**

2. परीक्षा का समय – पूर्वान्ह 9.00 से 12.15 बजे तक

3. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – 13.10.2015 (मंगलवार)

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भरने की अंतिम तिथि | – 27.10.2015,रात्रि 11.59 तक (मंगलवार) |
| ऑनलाइन आवेदन कर ऑफलाइन पेमेंट हेतु SBI Bank के चालान प्राप्त करने की अंतिम तिथि | – 29.10.2015, सायं 5.00 तक (गुरूवार) |
| ऑफलाइन (SBI Bank के चालान द्वारा) पेमेन्ट की अंतिम तिथि | – 30.10.2015 बैंक के कार्यालयीन समय तक (शुक्रवार) |

4. परीक्षा शहर एवं कोड –अम्बिकापुर (11), बिलासपुर (13),दुर्ग (16), जगदलपुर (17), रायपुर (25)

5. परीक्षा शुल्क –

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग | – 450 / – |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | – 350 / – |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / निःशक्तजन | – 300 / – |

रिक्त पदों की संख्या एवं वेतनमान निम्नानुसार है :–

| क्र. | पदनाम | वेतनमान | श्रेणी | सीधी भर्ती के रिक्त पद | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल रिक्त पद | संवर्ग | मुक्त | महिला | भूपूसै | विक. | योग |
| 1 | **सहायक श्रम पदाधिकारी** | 9300–34800+ 4300 ग्रेड पे | तृतीय (अराजपत्रित) | 07 | अनारक्षित | 02 | 01 | – | – | **03** |
| | | | | | अनु.ज.जा. | 02 | – | – | – | **02** |
| | | | | | अ.जा. | 01 | – | – | – | **01** |
| | | | | | अ.पि.व. | 01 | – | – | – | **01** |
| | | | | | **महायोग** | **06** | **01** | **–** | **–** | **07** |
| 2 | **श्रम निरीक्षक** | 5200–20200+ 2800 ग्रेड पे | तृतीय (कार्यपालिक) | 35 | अनारक्षित | 07 | 04 | 01 | 01 | **13** |
| | | | | | अनु.ज.जा. | 06 | 04 | 01 | 02 | **13** |
| | | | | | अ.जा. | 03 | 01 | – | – | **04** |
| | | | | | अ.पि.व. | 03 | 02 | – | – | **05** |
| | | | | | **महायोग** | **19** | **11** | **02** | **03** | **35** |

## आयु सीमा एवं शैक्षणिक अर्हताऍं

| क्र0 | पदनाम | न्यूनतम आयु | शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताऐं |
|---|---|---|---|
| 01. | **सहायक श्रम पदाधिकारी** | 21 वर्ष | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि |
| 02. | **श्रम निरीक्षक** | 21 वर्ष | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि |

**यह नियुक्तियॉ मान. उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के रिट पिटि. क्र. (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में मान. न्यायालय द्वारा पारित किए जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होंगी ।**

## नियम एवं शर्तें :–

1. तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्तियां छ0ग0 श्रम सेवा (अराजपत्रित) तृतीय श्रेणी भर्ती नियम 2014 के अंतर्गत की जावेगी।
2. दिनांक 01.01.2015 की स्थिति में आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से कम नहीं होनी चाहिए एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अ0जा0, अ0ज0जा0, अ0पि0वर्ग, महिला, विधवा, परित्यक्ता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट नियमानुसार प्राप्त होगी।
3. आवेदक को छ0ग0 का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है।
4. छ0ग0 राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिये।

5. चयनित उम्मीदवारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जावेगा।

6. आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है।

7. महिलाओं को नियमानुसार हारिजान्टल आरक्षण दिया जावेगा। किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त रह जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगे वरन् उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित है।

8. भूतपूर्व सैनिकों, विकलांगों को नियमानुसार आरक्षण प्रदान होगा।

9. उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

10. आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण–पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य होगा।

11. आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरतें, बाद में अभ्यर्थी के द्वारा जन्मतिथि , श्रेणी, वर्ग इत्यादि में परिवर्तन संभव नहीं होगा।

12. आवेदक को पद के लिए निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तों की पूर्ति करना आवश्यक है। आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर परीक्षा/चयन के किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।

13. संबंधित पद के लिए वांछित शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण–पत्र तथा अन्य प्रमाण–पत्र चयन के समय विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

14. **व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा । मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जावेगी ।**

**चयन प्रक्रिया :–**

- विज्ञापित दोनों पदों हेतु आवेदित उम्मीद्वारों की व्यापम द्वारा 150 अंको की एक ही लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा उपरांत लिखित परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर श्रेणीवार एवं वर्गवार मेरिट सूची व्यापम द्वारा विभाग को सौंपी जायेगी। मेरिट सूची के आधार पर दोनों पदों पर प्रमाण पत्रों की जाँच पश्चात् चयन/नियुक्ति की कार्यवाही विभाग द्वारा की जावेगी।

**परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि तथा परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है।**

**श्रमायुक्त सह सचिव**
**छत्तीसगढ़ रायपुर**